# ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2021 से 03/2023

### भाग-एक

1 **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 तक के दौरान ग्राम पंचायत खज्जियार में निम्नलिखित प्रधान, सचिव एवं अन्य कर्मचारी कार्यरत रहे हैं।**

**प्रधान**

| **क्रम संख्या** | **पदाधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री देस राज | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**सचिव**

| **क्रम संख्या** | **सचिव का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुनील कुमार | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है, जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।

| क्र० सं० | पैरा सं० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 01. | 7.1 - 7.3 | पंचायत राजस्व गृहकर,मोबाइल टावर फीस, दुकानों का किराया एवं विवाह पंजीकरण शुल्क इत्यादि का वसूली/जमा न किये जाने बारे। | 0.54 |
| 02. | 8.2 | बिना M (XY) फॉर्म के क्रय करने से सरकारी राजकोष को रॉयल्टी के तौर पर राजस्व की वित्तीय हानि बारे। | 1.42 |
| 03. | 8.3 | प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) की सम्भावित वित्तीय हानि। | 0.86 |
| 04. | 8.4 | निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे। | 10.90 |
| 05. | 9.3 | एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWMP) के रिवालविंग फंड (परिक्रमा निधि) के तहत जारी ऋण राशि की वसूली न करने बारे। | 1.50 |
| 06. | 9.4 | एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWMP) के अंतर्गत लाभार्थी शेयर की अपेक्षित कटौती किये बिना ही व्यक्तिगत कार्यों का निष्पादन। | 0.39 |
| 07. | 9.6 | पंचायत प्रधान के एकल हस्ताक्षर द्वारा ही अनियमित भुगतान करने बारे। | 2.23 |

# भाग- दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखाओं का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 29-02-2024 से 06-03-2024 तक ग्राम पंचायत खज्जियार के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2021-2022 | 10/2021 | 09/2021 |
| 2. | 2022-2023 | 07/2022 | 05/2022 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹4800/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु इसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को भेजने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/83 दिनांक 06-03-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

### (क) स्व:-स्त्रोत व अनुदान

ग्राम पंचायत खज्जियार के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक स्व-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है: -

### (i) स्व:-स्रोत (3^RD/5^TH State FC)

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| **2021-22** | **3222858.17** | **407506.00** | **3630364.17** | **477931.00** | **3152433.17** |
| **2022-23** | **3152433.17** | **621850.00** | **3774283.17** | **934916.00** | **2839367.17** |

**(ii) अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 1641318.00 | 7475039.00 | 9116357.00 | 7500779.44 | 1615577.56 |
| 2022-23 | 1615577.56 | 3459935.76 | 5075513.32 | 4089747.32 | 985766.00 |

**नोट**: उपरोक्त स्वः-स्त्रोत के अंतर्गत अन्य अनुदान जैसे 3rd/5th स्टेट का पंचायत द्वारा एक बैंक खाता व एक ही रोकड़ बही में संधारण किया जा रहा है। (कृपया पूर्ण विवरण पैरा संख्या 10.3 पर देखें) जिससे कि उक्त स्वः-स्त्रोत की वास्तविक राशि को पृथक तौर पर नहीं दर्शाया जा सकता है।

**कुल योग (1 + 2) ₹2839367.17 + ₹985766.00 = ₹3825133.17**

## (ब) ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा (हि०प्र०)

**दिनांक 31/03/2023 को बैंक खातों में अन्तशेष का विवरण**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम 31-03-2023 | राशि 31-03-2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित्तायोग | 50100312829264 | HDFC CHAMBA | **766772.12** |
| 2. | PMGAY | 17910122691 | HPSCB Chamba | **145149** |
| 3. | AAY | 99228100052208 | HPGB OBRI | **2268** |
| 4. | IAY | 99221302200788 | HPGB OBRI | **11352** |
| 5. | VBKKY/VKVNY/SDP | 99228100052212 | HPGB OBRI | **18826** |
| 6. | Sabha Nidhi/ 3rd State/SCSP | 17910107009 | HPSCB Chamba | **2288133.17** |
| | | | Cash in hand | **886** |
| | | | **TOTAL** | **₹3233386.29** |

**अन्तर (क-ख) ₹3825133.17 - ₹3233386.29 = ₹591746.88**

## 5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹5.92 लाख का अन्तर :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹591746.88 का अन्तर बैंकपास बुक में कम शेष के रूप में है। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-80 दिनाँक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अकुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण अतिरिक्त ब्याज की आय से वंचित होना:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त एवं बजट, लेखे सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **<u>नियम 11</u>** के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा स्वः-स्त्रोत में उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है। ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की गई तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष निधि (स्वः-स्त्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 80 दिनांक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि, भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत

अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। अत: भविष्य में नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹9.86 लाख का अवरोधन:-

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31-03-2023 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹985766 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बंधित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-80 दिनाँक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा।

अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 अनुदानों के आदेशों की प्रति/पत्र अंकेक्षण में जांच हेतु उपलब्ध न करवाने बारे :-

ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किये गए अनुदानों के स्वीकृति पत्रों की प्रतियाँ अंकेक्षण में सत्यापन हेतु उपलब्ध नहीं करवाई गई जिसके अभाव में यह ज्ञात नहीं हो सका कि, पंचायत द्वारा प्राप्त अनुदान किस उदेश्य/कार्य विशेष हेतु प्राप्त किये गए हैं।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 80 दिनाँक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत को अनुदान आदेशों की प्रति/पत्र प्राप्त नहीं हुए तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरान्त मौखिक रूप से अनुदान के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का

प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः उक्त प्रकरण को विशेष रूप से उच्चाधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है।

## 7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.31 लाख की वसूली न करने बारे :-

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत खज्जियार के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चूककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के अनुसार निम्नलिखित ₹30770/- की राशि वसूली हेतु शेष थी।

| वितीय वर्ष | अथशेष | पंजीकृत परिवारों की संख्या | दर प्रति /परिवार | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 38270 | 370 | 25/- | 9250 | 47520 | 0 | 47520 |
| 2022-23 | 47520 | 370 | 25/- | 9250 | 56770 | 26000 | 30770 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 82 दिनांक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया गया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्त राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करवाने बारे :-

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनाँक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनाँक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marriage-8107-10 दिनाँक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण का सामान्य श्रेणी हेतु पंजीकरण की धारा 8(1) के प्रावधानों के तहत ₹200 (30 दिन के अंदर) व BPL/IRDP से राशि ₹25 (30 दिन के अंदर) की वसूली की जानी अपेक्षित थी एवं वसूली गई फीस को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्न विवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹2125/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के सभा निधि के बैंक खाते में रखा गया है जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL/Rate | | राशि | BPL/Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without late fee | With Late Fee | | Without late fee | With Late Fee | | |
| 2021-22 | 11 | 3@200 | 1@400 | 1000 | 6@25 | 1@50 | 200 | 1200 |
| 2022-23 | 7 | 0 | 2@400 | 800 | 5@25 | 0 | 125 | 925 |
| **कुल योग** | **18** | **3@200** | **3@400** | **₹1800** | **11@25** | **1@50** | **₹325** | **₹2125** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-82 दिनाँक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली उपरान्त उसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करने उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.3 पंचायत राजस्व, दुकानों का किराया राशि ₹0.22 लाख की वसूली न करने बारे:-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म,कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 33** में प्रावधान है कि, ग्राम पंचायत का सचिव देखेगा कि, समस्त राजस्व सही ढंग से व अबिलम्ब तथा नियमित रूप से निर्धारित,वसूल व सम्बधित ग्राम पंचायत के खातों में जमा करवाया गया है ।

ग्राम पंचायत खज्जियार के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा दस दुकानें किराये पर दी थी। इनमें सभी दुकानों का किराया नियमित रूप से वसूल नहीं किया जा रहा था, तथा दिनाँक 31-03-2023 तक निम्न विवरणानुसार कुल राशि ₹21500/- वसूली हेतु शेष है । इसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "5"** में दिया गया है ।

| वितीय वर्ष | अथशेष | दुकानों की संख्या | दर प्रति /दुकान | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु शेष बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 26400 | 10 | 200/ 500 | 40800 | 67200 | 19900 | 47300 |
| 2022-23 | 47300 | 10 | 500 | 60000 | 107300 | 85800 | 21500 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 84 दिनांक 06-03-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, दुकानों के किराये की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि होने के साथ-साथ किसी वैधानिक कठिनाई का सामना भी करना पड़ सकता है । अतः दुकान किराया की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 7.4 पंचायत द्वारा किराये पर अनाधिकृत तौर से आबंटित दुकानों के सम्बन्ध में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच-एचसी (7)10/30-3031-30436 दिनाक 07-09-2008 द्वारा ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने हेतु समबन्धित उपमंडलाधिकारी/तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की

जानी आवशयक है ताकि भविष्य में किसी प्रकार के किसी क़ानूनी विवाद से बचा जा सके एवं कोई वैधानिक कठिनाई न हो।

ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत के पास कुल दस दुकानें हैं जोकि किरायेदारों को उक्त आदेशों की अनुपालना किये बिना ही अनिधिकृत तौर पर आवंटित की गई थी एवं इन के सम्बन्ध में न कोई अभिलेख तैयार किये गए थे एवं न ही निम्न वर्णित सरकारी नियमों, आदेशों, अनुदेशों एवं शर्तों इत्यादि की अनुपालना की गई है।

1. किसी भी किरायेदार के साथ (दुकान का ) का अनुबंध नहीं किया गया है।

2.अधिकतर दुकानों का किराया समय पर प्राप्त नहीं हो रहा है एवं इससे सम्बन्धित अभिलेखों/रजिस्टरों/ खाताबही को तैयार नहीं किया जा रहा है जिससे बकाया राशि, मांग इत्यादि को सत्यापित नहीं किया जा सका।

3. दुकानों के किराये का निर्धारण लोक निर्माण द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों के अनुसार नहीं किया गया है एवं किराये में वृद्धि का प्रावधान भी **किराया नियंत्रण अधिनियम 1987** के अनुरूप नहीं किया गया है।

4. पंचायत की सम्पति (दुकानों इत्यादि) को सरकारी दिशा-निर्देशों अनुसार किराये पर देने हेतु किसी भी कमेटी का गठन नहीं किया गया है।

5. पंचायत द्वारा दुकानों का किराया नियमित तौर से नहीं वसूला जा रहा है एवं अंकेक्षण अवधि के अंत तक कुल राशि ₹21500 वसूली हेतु शेष थी।

इस गंभीर अनियमितता के सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 84 दिनांक 06-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, किराये पर आवंटित दुकानों के सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह एक गंभीर अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाई जाती है। इससे राजस्व का गैर संग्रहण/हानि होने के साथ-साथ किसी वैधानिक कठिनाई का सामना भी करना पड़ सकता है। अतः इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 8.1 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा सभी चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना :-

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की

दैनिक कार्रवाई जैसे कि, पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत खज्जियार के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा है जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 80 दिनांक 05-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनुसार तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से बिना M-फॉर्म के अनुचित क्रय करने से सरकार को रॉयल्टी के तौर पर राशि ₹1.43 लाख के राजस्व की वित्तीय हानि :-

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स (कन्सेशन) एवं मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रान्सपोटेशन एन्ड स्टोरेज) नियमावली 2015 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार विकास/निर्माण कार्यों पर उपयोग की जाने वाली सामाग्री के लिए ठेकेदार/आपूतिकर्ता को खनन विभाग से अन्नापति प्रमाण पत्र/M-फॉर्म प्राप्त कर सम्बंधित पंचायत को देना अनिवार्य है। इसके अत्तिरिक्त उद्योग विभाग चंबा के पत्र संख्या 902 दिनांक 18-02-2022 के अंतर्गत समस्त विकास खंड कार्यालयों को संशोधित मूल्य अनुसार रॉयल्टी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये गए थे।

परन्तु ग्राम पंचायत खज्जियार, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा की अंकेक्षण अवधि 04/2021 से 03/2023 के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से अन्नापति प्रमाण पत्र/M-फॉर्म लिए बिना ही रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति ली गई है। जिससे कि, न केवल अवैध खनन हुआ अपितु अनधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से क्रय करने के कारण सरकार को राशि ₹143087/- (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न परिशिष्ट "4" में दिया गया है।) की रॉयल्टी की वित्तीय हानि भी हुई है। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग के पत्र संख्या Ind-II(F)6-14/2014-Vol-1 दिनांक 10-02-2022 के अंतर्गत

नियम 81A की प्रविष्टि के तहत खनन पट्टा धारक न होने की स्थिति में रॉयल्टी की राशि का 25% जुर्माना का भुगतान भी करना होगा।

इस गंभीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/76 दिनाक 04-03-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, नियमों की जानकारी न होने के अभाव में न तो रॉयल्टी की कटौती की गई एवं न ही M फॉर्म लिए गए आगामी भविष्य में M-फार्म न होने की स्थिति में नियमानुसार रॉयल्टी की कटौती की जायेगी एवं उसे समयबन्ध सरकारी कोष में भी जमा करवा दिया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव हो रहा है अपितु इस प्रकार से अवैध खनन से सरकारी आदेशों की भी स्पष्ट अवहेलना की जा रही है। यह एक गंभीर अनियमितिता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: इस अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹0.86 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे:-

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत खज्जियार के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि की खरीद गई थी एवं पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹1798632/- भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "4"** में दिया गया है।) किया गया था परन्तु उक्त आपूर्तिकर्ताओं के GST संख्या के अवलोकन में पाया गया कि उक्त फर्में रेत, बजरी एवं पत्थर के व्यवसाय हेतु अधिकृत नहीं है। लेकिन उक्त फर्मों द्वारा न केवल उक्त सामान की आपूर्ति की गई अपितु इनसे वस्तु एवं सेवा कर की कटौती भी की गई है एवं यह बिल प्रापर/कम्प्यूटर जनरेटेड न होकर केवल परफोर्मा बिल है जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की

जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर टैक्स बिल के अभाव में सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹85649/- की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

उक्त गम्भीर प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 77 दिनाँक 04-03-2024 द्वारा सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त पत्र द्वारा सूचित किया कि उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंचायत से सामग्रियों पर GST ले लिया गया है परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया गया है या नहीं इस मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से शीघ्र ही अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं भविष्य में टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के समयबद्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमाविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त उक्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये। यह गंभीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि ऐसे प्रकरणों की गहन जांच की नितांत आवशयकता है ताकि किसी भी प्रकार से सरकारी धन के दुरूपयोग एवं कर अदेयता के मामलों की सम्भावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

## 8.4 कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर राशि ₹10.90 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन एवं मापन पुस्तिका इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत खज्जियार की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी स्तर पर निम्न विवरणानुसार करवाए गए कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश,

प्राक्कलन मापन पुस्तिका, उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त स्तर पर किये गए कार्यों व उसमे प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| **क्रम संख्या अनुदान/** | **कार्य विवरण** | **स्वीकृत राशि** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 1.VBKY 2021-22 | कार्य:पक्का कंक्रीट रोड बनाडू से चील मोड़ R/वाल सहित | 500000 | MB,UC, Estimate Work Order and Technical sanction order |
| 2.VBKY 2021-22 | कार्य : कार्य:पक्का कंक्रीट रोड चील मोड़ से काढी वन | 500000 | do |
| 3. IWMPXIII-2022-23 | कार्य: जल संग्रहण टैंक रेह बलदेव सुपुत्र चतरो की जमीन पर | 90000 | do |
| | **कुल योग** | **₹1090000** | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-81 दिनाँक 05-03-2024 द्वारा पंचायत सचिव को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, उक्त कार्यों से सम्बन्धित समस्त अभिलेख कनिष्ट अभियंता के पास विकास खंड में पड़े हुए है यह पंचायत में उपलब्ध नहीं है जिससे कि इन्हें अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। उत्तर तकर्संगत प्रतीत नहीं होता है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 9.1 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹0.96 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे:-

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की

औपचारिकतायें यथा निविदायें,कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा राशि ₹96445/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।) जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, जोकि एक गंभीर अनियमितता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-74 दिनाँक 04-03-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

अत: इस अनियमितता की सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर इस व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना, की गई समस्त खरीद से हुई हानि की प्रतिपूर्ति उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.2 वन बंधू अनुदान के अंतर्गत राशि ₹3000 का अधिक भुगतान करने बारे :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के **चैप्टर- 9 नियम 76** के अनुसार सम्बन्ध पंचायत का सचिव यदि कोई पंचायत निधि से किये गए अति संदाय/अधिक भुगतान, चाहे सदभाव से किया गया है, की तत्पर वसूली करने का जिम्मेदार होगा।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा मस्टरोलों में तय दर से अधिक भुगतान करने के कारण निम्नविवरणानुसार राशि ₹3000 का अधिक भुगतान किया गया।

| कार्य का नाम | मस्टरोल संख्या | वाउचर संख्या/दिनांक | कुल कार्य दिवस एवं दर | कुल कार्य दिवस एवं दर अपेक्षित | अधिक भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|
| .1 पक्का कंक्रीट रोड चील मोड़ से काढी वन | 40/12004 | /03 2021-04-12 | 305@300 91500 | 300@300 90000 | 1500 |
| 2 पक्का कंक्रीट रोड बनाड़ू से चील मोड़ | 39/12007 | /04 2021-04-12 | 305@300 91500 | 300@300 90000 | 1500 |
| | | कुल योग | **₹183000** | **₹180000** | **₹3000** |

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-75 दिनाँक 04-03-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, यह भुगतान गलती से हो गया है इसकी शीघ्र ही वसूली करके सम्बन्धित खाते में राशि जमा करवा दी जाएगी। अत: उक्त राशि की प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में शीघ्र जमा करवा दी जाये एवं अन्य ऐसे मामलों की पंचायत स्तर पर छानबीन उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 9.3 एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWMP) के रिवोलविंग फंड (परिक्रमा निधि) के तहत जारी ऋण राशि ₹1.50 लाख का सम्भावित दुर्विनियोजन करने बारे:-

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड व जिला चम्बा के कार्यालय पत्र संख्या DRDA/CBA/ PMKSY-FUND-1296 दिनाँक जुलाई, 2020 के अंतर्गत छ: स्वयं सहायता समूहों को ₹25000 प्रति समूह की दर से कुल (25000x6) ₹150000 परिक्रमा राशि को निहित शर्तों की अनुपालना उपरान्त आबंटन की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

ग्राम पंचायत के नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा छ: स्वयं सहायता समूहों में से केवल पांच समूहों को ही राशि प्रदान की गई एवं शेष बची राशि ₹25000 से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गये। इसके अतिरिक्त पाँच समूहों को आबंटित ऋण राशि ₹125000 को उक्त आदेश एवं करारनामा की शर्तों के अनुसार 18 महीने की अवधि

में वापिस लिया जाना अपेक्षित था परन्तु यह राशि दो वर्षो से अधिक की अवधि बीत जाने पर भी पंचायत द्वारा वापिस नहीं लिया गया है और न ही इसकी वापसी हेतु कोई प्रयास किये गए है जोकि संदिग्ध प्रतीत होता है।

इस गम्भीर अनियमितता के सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या-79 दिनाँक 04-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, छः स्वयं सहायता समूहों में से केवल पांच समूहों को ही राशि प्रदान की गई एवं इसकी वसूली अभी तक नहीं की गई है इस सम्बन्ध में शीघ्र ही अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यह काफी गम्भीर वित्तीय अनियमितता है इसमें ऋणों के तौर पर आबंटन हेतु न तो औपचारिकताओं को पूर्ण किया गया एवं कुल स्वीकृत राशि ₹150000 में से ₹125000 का दो वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी इसकी प्रतिपूर्ति नहीं की गई एवं ₹25000 जो आबंटित नहीं की गई थी उस राशि के सम्बन्ध में भी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। जोकि न केवल उक्त आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु इससे उक्त राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है। यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। अत: उक्त आबंटित राशि की निहित शर्तानुसार ब्याज सहित प्रतिपूर्ति करके एवं ₹25000 की राशि जो आबंटित नहीं की गई है उसकी प्रतिपूर्ति करके सम्बन्धित खाते में शीघ्र जमा करवाई जाये एवं अन्य ऐसे मामलों की विभागीय स्तर पर जाँच उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.4 एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWMP) के अंतर्गत लाभार्थी शेयर राशि ₹0.39 लाख की अपेक्षित कटौती किये बिना ही ₹5.58 लाख के व्यक्तिगत कार्यों का निष्पादन :-

एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWMP) के तहत कार्यालय विकास खण्ड अधिकारी चंबा के स्वीकृती पत्र संख्या DRDA/CBA/PMKSY-Fund-1296 दिनाँक 13-07-2020 में निहित शर्त क्रमांक 40 के अनुसार NRM व्यक्तिगत कार्यों के निष्पादन की स्थिति में सामान्य श्रेणी एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों से आवशयक तौर पर क्रमशः 10% एवं 5% की दर से शेयर की कटौती करने उपरान्त WDF खाते में जमा करवाया जाना अपेक्षित था। परन्तु ग्राम पंचायत खज्जियार द्वारा प्रस्तुत सूचना/अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत द्वारा Natural Resource Management श्रेणी के अंतर्गत

राशि ₹558200 व्यक्तिगत कार्य करवाये गए परन्तु इन कार्यों के निष्पादन हेतु न तो उक्त कार्यक्रम की शर्तों की पूर्णता: अनुपालना की गई और न ही अपेक्षित शेयर की कटौती की गई जिससे कि निम्न विवरणानुसार राशि ₹39265 की वित्तीय हानि हुई। पंचायत द्वारा WDF का खाता भी दिनाँक 03-06-2023 को खुलवाया गया जबकि इससे पूर्व की अवधि में कई लाखों की राशि के व्यक्तिगत कार्य निष्पादित किये गए।

| Individual Work Name | Name of Beneficiary | Category | Project Cost | Share from beneficiary | Share to be deducted |
|---|---|---|---|---|---|
| जल संग्रहण टैंक रेह मे व्यास देव s/o सुरताज की जमीन मे | व्यास देव s/o सुरताज | APL/SC | 90000 | 0 | 4500 |
| पेयजल टैंक दरोल मे गरिवो देवी पत्नी श्री चतर सिंह की जमीन मे | गरिवो देवी पत्नी श्री चतर सिंह | APL/SC | 120000 | 0 | 6000 |
| जल संग्रहण टैंक मनसा रामs/oहरिया राम के घर के पास | मनसा राम s/o हरिया राम | APL/SC | 90000 | 0 | 4500 |
| जल संग्रहण जय कुमारs/o मोहन लाल पंजियारा की जमीन मे | जय कुमार s/o मोहन लाल | APL/GEN. | 89000 | 0 | 8900 |
| पेयजल टैंक पनिहार पंजियारा चन्द रामs/o मिंकू राम की जमीन मे | चन्द राम s/o मिंकू राम | APL/GEN. | 107000 | 0 | 10700 |
| कच्चा तालाब भथ्ली अश्वनी की जमीन में | अश्वनी | APL/GEN | 31100 | 0 | 3110 |
| कच्चा तालाब उत्तम चन्द s/o श्रीधर गाँव बहाड़ी की जमीन में | उत्तम चन्द s/o श्रीधर | BPL/SC | 31100 | 0 | 1555 |
| | | **कुल योग** | **₹558200** | **0** | **₹39265** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-79 दिनाँक 04-03-2024 द्वारा उक्त गम्भीर प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, IWMP के तहत व्यक्तिगत क्षेणी में करवाए गए कार्यों में पंचायत फंड एवं लाभार्थी व्यक्ति के शेयर के अनुपात में कार्य करवाए जाने अपेक्षित थे परन्तु तत्कालीन सचिव द्वारा बिना

लाभार्थियों से कोई शेयर लिए बिना ही कार्य करवाए गए हैं इस सम्बन्ध उनसे जवाब लेकर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: पंचायत द्वारा लाभार्थियों से अपेक्षित शेयर की कटौती किये बिना कार्यों का निष्पादन करना न केवल उक्त आदेश की स्पष्ट अवहेलना है। परन्तु लाभार्थियों को अनुचित लाभ देकर सरकारी राजस्व की भी हानि हुई है। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर पर लाया जाता है चूंकि अंकेक्षण के दौरान केवल नमूना माहों के ही भुगतानों को जांचा गया है, अत: उक्त राशि एवं शेष अवधि में हुए ऐसे प्रकरणों की विभागीय स्तर पर गहन जाँच करके अपेक्षित शेयर को Watershed Development Fund खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.5 राशि ₹2.31 लाख के मस्ट्रोलों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)(2)** में वर्णित प्रावधानुसार ग्राम पंचायत द्वारा पारित भुगतान ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त इस अधिनियम के नियम 93(क) एवं अधिनियम 1994 की धारा 23 के अधीन गठित संकर्म समिति एवं नियम 108 के अनुसार सतर्कता समिति पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेगी। ग्राम पंचायत खज्जियार के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत द्वारा अग्रतालिका के विवरणानुसार कुल राशि ₹231300/- का व्यय किया गया। जिसमें निम्नलिखित विभिन्न अनियमितताये पाई गई :-

1. मस्टरोल पर सतर्कता समिति के हस्ताक्षर न करवाने बारे।
2. प्रधान एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही भुगतान करने बारे।
3. मस्टरोल में दर्ज कुल मजदूरों की उपस्थिति को प्रधान द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।
4. मस्टरोल में अन्य विवरण जैसे: प्रस्ताव संख्या, दिनाँक, कार्य का नाम, कार्य शुरू करने एवं समाप्ति की तिथि इत्यादि का विवरण अपूर्ण पाया गया।

| क्र०स०/ अनुदान | निर्माण कार्य | मस्ट्रोल संख्या | वाउचर/ दिनाक | राशि |
|---|---|---|---|---|
| .1VBKY 20212-2 | कार्य:पक्का कंक्रीट रोड बनाडू से चील मोड़ R/वाल सहित | 12014/ 12017 | 15 & 16/ 01-09-2021 | 35100 |
| .2 VBKY 20212-2 | कार्य : पक्का कंक्रीट रोड बनाडू से चील मोड़ R/वाल सहित | 39437 | 04/ 12-04-2021 | 91500 |
| 3. VBKY 20212-2 | कार्य : कार्य : कार्य:पक्का कंक्रीट रोड चील मोड़ से काढी वन | 12011/ 12016 | 24 & 25/ 01-09-2021 | 37800 |
| 4.IWMP 2022-23 | कार्य : पेवर पाथ हिमाचल टूरिज्म मेन रोड से बंगबेही | 12037/ 12029 | 01 & 02/ 10-08-2022 | 66900 |
